Title: Demand to include complete region of the Hardwar district in Uttaranchal State.

श्री हरपाल सिंह साथी (हरिद्वार) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि मुझे जानकारी मिली है कि कुछ नये राज्यों का गठन हो रहा है जिसमें उत्तरांचल भी एक है। महोदय, मैं हरिद्वार से चुनकर आता हूं और मुझे अखबार के ज़रिये जानकारी मिली है कि हरिद्वार का जो मेला क्षेत्र है, वह उत्तरांचल को दे दिया गया है और सेष भाग उत्तर प्रदेश में रखा गया है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि हमारे जिले के लोग चाहे वह किसान हों, सब्जी वाले हों, दूधिया हों, कितने ही ऐसे लोग हैं जो हरिद्वार में सप्लाई करके अपनी रोज़ी रोटी कमाते हैं। मेरा निवेदन है कि पूरा जिला उत्तरांचल में मिला दियचा जाए जिससे वहां के किसानों का सही तरीके से जीवनयापन हो सके।

... (व्यवधान)

मैं कहना चाहूंगा कि अगर हरिद्वार के मेला क्षेत्र से शेष भाग को अलग कर दिया गया तो वहां का किसान, वहां का सब्जी वाला, वहां का दूध वाला, हरिद्वार से दूसरे प्रदेश में जाएगा और तरह-तरह के टैक्स उस पर लगेंगे। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि पूरा हरिद्वार जनपद उत्तरांचल में रहे।